
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 11.07.2022 से 16.07.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## हरियाणा स्टेट को–ओपरेटिव अपेक्स बैंक (हरको) की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक

(दिनांक 11.07.22)



**विषय: हरियाणा स्टेट को–ओपरेटिव अपेक्स बैंक (हरको) की राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपेक्स बैंक के संबंध में समीक्षा बैठक की। जिसके तहत मुख्यमंत्री जी ने सरकारी विभागों की कार्यप्रणाली को ऑनलाइन करने के अपने विजन को आगे बढ़ाते हुए एक अति महत्वपूर्ण निर्णय लिया और पैक्स की कार्यप्रणाली को चरणबद्ध तरीके से कम्प्यूटराईजड करने के निर्देश दिए हैं। निर्देश देते हुए मख्यमंत्री जी ने कहा कि हरको बैंक की शाखा प्रदेश के हर जिले में खोलने की संभावना तलाशी जाएं। इसके लिए यदि नियमों में संशोधन करना पड़े तो किया जाए। वर्तमान में हरको बैंक की चंडीगढ़ तथा पंचकूला में दो ही जगह शाखाएं हैं बाकि यह बैंक जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक की शाखाओं का नियंत्रण रखता है। बैठक में इस बात की भी जानकारी दी गई कि पैक्स का सीधा हरको बैंक से लिंक नहीं होता। प्रदेश में लगभग 700 पैक्स हैं, जो ग्रामीण स्तर पर बनी हुई हैं। वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री टीवीएसएन प्रसाद ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि पंचकूला जिले की कनौली पैक्स में पूरा कार्य कम्प्यूटराईजड हो चुका है और शीघ्र 62 और पैक्स को कम्प्यूटराईजड करने की

# साप्ताहिक सूचना पत्र

प्रक्रिया जारी है। 30 नवम्बर, 2022 तक यह कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पैक्स के कर्मचारियों का वेतन भी सेंट्रलाइज किया जाए और सरकार की तरफ से इसकी व्यवस्था की जाए। पैक्स पर एकाधिकार को खत्म करने के लिए इसी की तर्ज पर गांव में पढ़-लिखे युवा किसानों से बातचीत कर ग्राम स्तर पर ग्राम कृषि प्राथमिक सहकारी समितियां (वैक्स) बनाई जाएं और इनका पंजीकरण को-ओपरेटिव सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत किया जाएगा और किसान ही इन वैक्स का संचालन करें।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने कहा कि किसानों को फसली ऋण बुआई के समय उपलब्ध करवाया जाए और वह भी तीन किस्तों में जब उसे खेत तैयार करने के लिए बीज, जुताई व खाद के साथ-साथ मजदूरी देने की आवष्यकता होती है। ऋण रिकवरी को कटाई सीजन से जोड़ा जाए ताकि किसान अपनी फसल बेचकर समय पर ऋण की अदायगी कर सकें। समय पर अदायगी करने वाले किसानों को एक प्रतिशत का प्रोत्साहन दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि 'मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना' के तहत स्वीकृत आवेदनों पर तत्परता से ऋण उपलब्ध करवाए जाएं।

## पंचकूला में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का उद्घाटन

(दिनांक 12.07.22)




**विषय: पंचकूला में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** आज केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्री पीयूश गोयल जी की गरिमामय उपस्थिति में हरियाणा के पंचकुला में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान (NIFT) का उद्घाटन किया गया।

# साप्ताहिक सूचना पत्र




इस असवर पर मुख्यमंत्री जी भी उपस्थित रहे। उन्होंने प्रदेश को राष्ट्रीय महत्व का संस्थान देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पंचकूला में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान की स्थापना से ना केवल पंचकूला, बल्कि हरियाणा के इतिहास में एक और नया अध्याय जुड़ गया है। देश का यह 17वां कैम्पस होगा और इसका विकास विश्व स्तर के NIFT कैंपस के रूप में किया जाएगा। इस संस्थान की आधारशिला 29 दिसम्बर, 2016 को तत्कालीन केंद्रीय कपड़ा मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी द्वारा रखी गई थी। इस संस्थान की स्थापना केन्द्रीय कपड़ा मंत्रालय और निफ्ट, दिल्ली के सहयोग से की गई है। 10.45 एकड़ भूमि पर स्थापित यह परियोजना 133.16 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की गई है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संस्थान में दूसरे चरण में जो भी काम होंगे, उन्हें पूरा किया जाएगा। उन्होंने केंद्रीय मंत्री से भी इसमें सहयोग की अपील की। दूसरे चरण में हॉस्टल, थियेटर और ऑडिटेरियम बनाने की योजना है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निफ्ट की नीति के अनुसार, इस संस्थान में 20 प्रतिशत सीटें हरियाणा के लोगो के लिए आरक्षित होंगी। इस संस्थान में फैशन डिजाइन/टैक्सटाइल डिजाइन, अपैरल प्रोडक्शन के क्षेत्रों में चार वर्शीय डिग्री कोर्स और फैशन टैक्नॉलोजी, डिजाइन और फैशन मैनेजमेंट में दो वर्षीय मास्टर डिग्री कोर्स होंगे। इसके अलावा, एक साल और छरू महीने की अवधि के सर्टिफिकेट प्रोग्राम भी होंगे। हालांकि राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, पंचकूला में निफ्ट के

# साप्ताहिक सूचना पत्र



अस्थायी परिसर में लघु अवधि के पाठ्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2019–20 से शुरू कर दिए गए थे। वर्तमान में कुल 259 छात्रों के साथ तीन यू.जी. और दो पी.जी. पाठ्यक्रम संचालित हैं। इसके अलावा, शैक्षणिक सत्र 2022–23 से एक और यू.जी. कोर्स शुरू किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संस्थान की स्थापना होने के बाद फैशन डिजाइन के क्षेत्र में कैरियर बनाने के इच्छुक विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। यहां पर प्रतिशिठत NIFT की स्थापना होने से प्रदेश में टैक्सटाइल, हैंडलूम और कॉटन इंडस्ट्री को बढ़ावा मिलेगा। NIFT से निकले विद्यार्थियों के लिए प्लेसमेंट की कोई समस्या नहीं है। ऐसे प्रोफेशनल्स की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में बड़ी मांग है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 'आत्मनिर्भर भारत' का नारा दिया है। उनका ये विजन को कौशल के जरिए ही साकार हो सकता है। इसलिए हमने स्कूल से लेकर विश्वविद्यालय तक की शिक्षा को कौशल के साथ जोड़ा है। स्कूलों में NSQF,कॉलेजों में 'पहल योजना', विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन सेंटर और तकनीकी संस्थानों में उद्योगों की जरूरत के अनुसार प्रशिक्षण के लिए उद्योगों के साथ एम.ओ.यू. जैसे कारगर कदम उठाये गये हैं। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो उन्हें रोजगार सक्षम बनाए, चरित्रवान बनाए और उनमें नैतिक गुणों का समावेश करे।

इस मौके पर श्री पीयूश गोयल जी ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि NIFT का यह कैंपस लैंडमार्ग कैंपस के रूप में उभरेगा। यहां से निकलने वाले प्रोफेशनल फैशन की दुनिया में अपना उल्लेखनीय योगदान देंगे। उन्होंने मुख्यमंत्री जी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जिस प्रकाश से प्रदेश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को प्राथमिकता दी उससे महिलाओं का सशक्तिकरण हुआ है। उन्होंने कहा कि NIFT के माध्यम से भी बेटियां आगे बढ़ेंगी। उन्होंने भरोसा दिया संस्थान में दूसरे चरण का काम भी जल्द शुरू किया जाएगा।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## सूरजकुंड में तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

(दिनांक 15.07.22)



**विषय: सूरजकुंड में तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज सूरजकुंड पहुंचकर यहां आयोजित तीन दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से इन 7 वर्षों में हरियाणा सरकार निरंतर जन कल्याण के कार्य करती आ रही है। हमारी सरकार ने 25 दिसंबर, 2014 को सुशासन अवसर पर हरियाणा में सुशासन लाने का जो संकल्प लिया था, वह आज पूर्ण रूप से साकार हो रहा है, क्योंकि सरकार की जन कल्याणकारी नीतियों का लाभ समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

उन्होने कहा कि इस का सबसे बड़ा उदाहरण हरियाणा में सरकारी भर्तियों में पर्ची–खर्ची के सिस्टम को खत्म कर केवल मैरिट के आधार पर योग्य उम्मीदवारों को नौकरियां मिली हैं। हमने न केवल पर्ची और खर्ची बंद

# साप्ताहिक सूचना पत्र




की है बल्कि भर्तियों में चलने वाली मर्जी भी बंद कर दी है।

मख्यमंत्री जी ने कहा कि पिछली सरकारों के कार्यकाल के दौरान गरीब परिवारों के बच्चे सरकारी नौकरी में आने का केवल सपना ही देख पाते थे। उस समय नौकरी में आने के लिए पर्ची–खर्ची के सिस्टम का सहारा लेना पड़ता था, इसलिए युवाओं के सपने हमेशा अधुरे रह गए। लेकिन हमारी सरकार ने सत्ता में आते ही पर्ची–खर्ची के सिस्टम को समाप्त किया। उसके बाद मर्जी यानी कई अधिकारी जो अपनी मनमर्जी के मुताबिक नौकरियों में सिफारिश करते थे, उसे भी समाप्त किया। भर्तियों में साक्षत्कार की प्रथा को खत्म कर मिशन मैरिट की शुरुआत की। अब केवल मैरिट के आधार पर ही सरकारी भर्तियां की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सत्ता में आने के बाद सिस्टम में चल रहे भ्रश्टाचार को दूर करने के लिए हमने ई–गर्वनेंस पर बल दिया। आज केंद्र और राज्य सरकारों की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं के तहत लाभार्थियों को दिए जाने वाले वित्तीय लाभ सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जा रहा है। इससे न केवल सिस्टम में पारदर्शिता आई बल्कि बिचौलिये भी खत्म हो गए। परिणामस्वरूप भ्रश्टाचार पर अंकुश लगाकर राज्य सरकार ने 1200

# साप्ताहिक सूचना पत्र

करोड़ रुपये बचाये हैं।
इसके साथ ही मख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी सरकार अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। इसलिए राज्य सरकार ने परिवार पहचान पत्र नामक एक महत्वकांक्षी योजना चलाई है, जिसके तहत अति गरीब परिवारों की पहचान कर उनका आर्थिक उत्थान कर उन्हें मुख्यधारा में लाना है। आज सभी सरकारी योजनाओं का लाभ परिवार पहचान पत्र के माध्यम से लोगों को घर बैठे ही मिल रहा है, उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ रहे हैं। जब से वृद्धावस्था पेंशन को परिवार पहचान पत्र से जोड़ा गया है, तब से वृद्धजनों की आयु 60 वर्ष होने पर ऑनलाइन माध्यम से स्वतः ही उनकी पेंशन बन रही है। इसके अलावा, परिवार पहचान पत्र के माध्यम से आय के आधार पर राशन कार्ड बनाने का कार्य भी चल रहा है। पिछले 3 माह में लगभग 80 हजार राशन कार्ड बनाए गए हैं।
मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सरकार का ध्येय पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति का उत्थान करना है। जिसका हक होगा उसको अपना हक अवष्य मिलेगा, लेकिन सरकारी योजनाओं का लाभ सबसे पहले गरीब व्यक्ति को ही मिलेगा। इसी उद्देष्य से मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना की शुरुआत की गई है। इसके तहत अंत्योदय मेलों का आयोजन किया गया और 1.80 लाख रुपये वार्षिक आय से कम परिवारों की पहचान कर उन्हें मेलों में आमंत्रित किया गया। इन परिवारों के सदस्यों को रोजगार के अवसर मुहैया करवाने और स्वरोजागर शुरू करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत ऋण की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य इन परिवारों की आय कम से कम 1.80 लाख रुपये करना है।
साथ ही उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि सरकार के काम पर जनता खुद मोहर लगा रही है। हमें अपने कामों का ढिंढोरा पीटने की जरूरत नहीं है। पर हम लोगो से योजनाओं और उन्हें मिलने वाले सरकारी सेवाओं की चर्चा जरूर करे। ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगो तक योजनाओं और सेवाओं की जानकारी पहुंच सकें।
उन्होंने कहा की पार्टी के हर कार्यकर्ता के लिए अन्त्योदय ही मूल मंत्र होना चाहिए। और अंतिम व्यक्ति ही उसकी प्राथमिकता होना चाहिए।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## गोहाना में शेड गिरने की दुर्घटना में मरने वालों के परिजनों को 5 लाख की सहायता राशि

(दिनांक 15.07.22)

**विषय: गोहाना में शेड गिरने की दुर्घटना में मरने वालों के परिजनों को 5 लाख की सहायता राशि।**

**प्रभाव:** मुख्यमंत्री जी ने आज सोनीपत जिले के गोहाना में नई सब्जी मंडी का शेड गिरने की दुर्घटना पर दु:ख जताया और इस दुर्घटना में मरने वाले लोगों के परिजनों को 5 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आंधी के कारण गोहाना की नई सब्जी मंडी का शेड गिरने की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में जानमाल की क्षति दुरूखदायी है। घटना में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति तथा घायलों के अतिशीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूँ। दुर्घटना में दिवंगत लोगों के परिजनों को 5 लाख रुपए की सहायता दी जाएगी।

गौरतलब है कि 14 जुलाई को शाम के समय आंधी की वजह से गोहाना नई सब्जी मंडी का शेड गिर गया था। इसमें कई लोगों की मृत्यु हुई थी जबकि कई लोग घायल भी हुए थे।

---

## हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा

(दिनांक 16.07.22)



**विषय: हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने हर घर तिरंगा अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में

# साप्ताहिक सूचना पत्र




देशभर में मनाए जा रहे आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत 13, 14 व 15 अगस्त को हरियाणा के सभी घरों में तिरंगा फहराने का लक्ष्य रखा गया है।

इस अवसर पर मख्यमंत्री जी ने कहा की तीनो दिन हरियाणा के हर घर पर तिरंगा फहराया जाएगा और हरियाणा तीन रंगों में रंगा नजर आएगा। हरियाणा निष्चित रूप से देश का पहला ऐसा राज्य बनेगा, जिसके हर घर, हर सरकारी कार्यालय, निजी भवनों स्कूलों और व्यवसायिक संस्थानों पर झंडा फहराया जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने इस अभियान के संबंध में प्रशासनिक सचिवों, जिला उपायुक्तों और कुलपतियों के साथ आज यहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्हें हर जिले में तिरंगे की आपूर्ति सुनिष्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देने के साथ–साथ नागरिकों में देशभक्ति की भावना को जागृत करने की परिकल्पना के साथ शुरू किया गया हर घर तिरंगा एक अनूठा अभियान है। इसलिए हरियाणा को इसमें एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

उन्होंने अधिकारीयों को निर्देश देते हुए

# साप्ताहिक सूचना पत्र



कहा कि गैर सरकारी संगठनों, नागरिकों और अन्य सामाजिक संगठनों के लिए तिरंगे की पर्याप्त उपलब्धता सुनिष्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जन जागरूकता के लिए व्यापक आईईसी गतिविधियों को शुरू करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आजादी हमें रातों–रात नहीं मिली है, कई बलिदानों के बाद हमने इसे अर्जित किया है। इसलिए इस अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी सुनिष्चित की जानी चाहिए। यह अभियान केवल घरों पर तिरंगा फहराने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि वाहनों पर भी तिरंगा लगाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए। इस अभियान को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाना चाहिए।

राज्य के लोगों, विशेषकर युवाओं से इस अभियान में उत्साहपूर्वक भाग लेने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हर हरियाणवी को 'राष्ट्र पहले, हमेशा पहले' मंत्र के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि यह अभियान निष्चित रूप से देश विरोधी गतिविधियां फैलाने वालों को भी कड़ा संदेश देने में अहम कदम साबित होगा।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रत्येक राजनीतिक नेता इस राष्ट्रीय पर्व में अपनी भागीदारी सुनिष्चित करे। राजनीतिक विचारधाराओं से ऊपर उठते हुए प्रत्येक राजनीतिक दल को इस अभियान में भाग लेना चाहिए।